# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनवार्ता, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 25.09.2025

#### स्कूल के नक्शे को वीडीए ने 72 घंटे में दी स्वीकृति

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से 72 घंटे में राज इंटरनेशनल स्कूल के नक्शे को स्वीकृति दी गई। 2160 बच्चों की क्षमता वाला स्कूल पिंडरा के कोलअसला में खुलेगा। राज फाउंडेशन के ट्रस्टी राजदेव सिंह ने 13881.4 वर्ग मीटर के भूखंड पर स्कूल का मानचित्र पेश किया। जिसे वीडीए ने मात्र 72 घंटे में स्वीकृति प्रदान की। तीन तलों का 54 क्लास रूम का प्रस्तावित है। 86 कार पार्किंग, 18 स्कूल बस की पार्किंग होगी। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 25.09.2025

#### आवंटित दुकानें सील, वीडीए ने 15 दिन का दिया मौका

वाराणसी। वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने संपत्ति अनुभाग की समीक्षा में कार्रवाई की। पहड़िया के गौतमबुद्ध नगर आवासीय योजना के दुकान नंबर-02 निरहु राम के नाम से किराये पर आवंटित की गई है। जिसका मासिक किराया 6150 रुपये है। आवंटी ने कई वर्षो से क़िराया जमा नहीं किया है। सितंबर तक उनका 4,27,350 का बकाया हो गया है। आवंटी को छह बार नोटिस भेजा गया।

सचिव ने निर्देश दिया कि ऐसे दुकानदार जो लंबे समय से बकाया धनराशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। 8-10 दुकानों की पहचान की गई है। उधर, वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। अधिकारियों से कहा कि सील प्रकरणों की जांच करें। बेसमेंट खाली करवा कर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जोन-वन के वॉर्ड शिवपुर, सिकरौल में शमन शुल्क के मद में धनराशि 18,56,846 जमा कराई गई। 2025-26 में कुल शमन धनराशि 4,01,31,418 जमा की गई। जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में शमन शुल्क के मद में 7,41,211 रुपये जमा कराए गए। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने के निर्देश जोनल अधिकारियों को दिए। ब्यूरो

#### कई जगहों पर हुई सील की कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बुधवार को दशाश्वमेध वार्ड में तीन अवैध निर्माण सील किए गए। रामापुरा में मोवीन अहमद, मोहम्मद हाफिज, मोहम्मद मुर्सलीन की ओर से 100 वर्गमीटर में आवासीय निर्माण बिना स्वीकृति मानचित्र के कराया गया, जिसके बाद उसे सील कर दिया गया। हौज कटोरा में शिव सेठ, नरेश सरीन की ओर से 80 वर्गमीटर में व्यवसायिक निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के कराया गया, जिसे सील किया गया। रामकुंड में विनय कुमार सेठ की ओर से 120 वर्गमीटर में आवासीय निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के कराया गया। जिसे सील किया गया। शिवपुर वार्ड के भरलाई क्षेत्र के सुशील सिंह ने स्वीकृत मानचित्र को सेटबैक में परिवर्तित किया। निर्माण कार्य कराने से पहले पूर्व शमन मानचित्र दाखिल किया गया। चार तल का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। इस अवैध निर्माण को वीडीए ने सील कराया। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 25.09.2025

#### किराया जमा न करने पर खाली करनी होंगी दुकानें

**वाराणसी।** वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को संपत्ति अनुभाग की समीक्षा की। जो किरायेदार लंबे समय से किराया नहीं जमा कर रहे हैं, जिनकी दुकानें बंद हैं, जो सिकमी किरायेदार हैं।

इनकी दुकानों को खाली कराकर फिर से अधिग्रहण किया जाए। नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाए। निर्देश दिया कि जिन आवंटियों ने पूरी धनराशि जमा कर दी है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। जिन आवंटियों ने धनराशि जमा नहीं की उन्हें नोटिस जारी कर जल्द भुगतान कराएं। जिन आवंटियों की किस्त जमा करने की तिथि पास है। पहले सूचना देते हुए नोटिस जारी किया जाए, ताकि वे समयबद्ध रूप से भुगतान कर सकें। जिन्होंने भुगतान नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी करें। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 25.09.2025

# चार अवैध निर्माण पर की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ बुधवार को विभिन्न जोन में कार्रवाई की। मौजा-भरलाई में सुशील सिंह नामक व्यक्ति नोटिस के बावजूद पांच तल का निर्माण करा रहा था। निर्माण को सील किया गया। इसमें जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता रोहित कुमार आदि शामिल रहे। इसी प्रकार वार्ड-दशाश्वमेध के प्रवर्तन टीम ने निर्माण के विरुद्ध सील की कार्रवाई करते हुए संबंधित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया। मौके पर जोनल अधिकारी सौरभ प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश आदि रहे। जोन तीन में मोवीन अहमद, मो. हाफिज, मो. मुर्सलीन के रामापूरा, वार्ड-दशाश्वमेध, में लगभग 100 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में निर्माण बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य करा रहे थे। अवैध निर्माण को सील किया गया। शिव सेठ व नरेश सरीन हौजकटोरा, वार्ड-दशाश्वमेध में 80 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में पांच तल का व्यावसायिक निर्माण बिना नक्शा पास कराए करा रहे थे जिसे सील कर दिया गया। विनय कुमार सेठ रामकुंड, लक्सा में निर्माण को सील कर दिया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 25.09.2025

# 'संत कबीर मठ म्यूरल' बना बनारस का नया सेल्फी-पाइंट

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण ने कबीर मठ, कबीरचौरा में एक अनूठी सार्वजनिक कलाकृति 'कबीर मठ म्यूरल' का कार्य कराया है। यह बनारस का नया सेल्फी पाइंट बन गया है। यह कार्य कबीर मठ प्रशासन के अनुरोध एवं सहमति पर प्रारंभ किया गया है। म्यूरल को कर्व एवं कलर्स के संस्थापक अभिषेक कुमार सिंह पब्लिक आर्ट क्यूरेटर द्वारा बनाया गया है। उन्होंने इस परियोजना को दीवारें रंगने की बजाय संवाद करने की तरह गढ़ा है। यह संत कबीर की शाश्वत शिक्षाओं और उनके जीवन दर्शन को अभिव्यक्त करता है। इस कार्य में मुख्य कलाकार सुप्रसिद्ध भारतीय स्ट्रीट आर्टिस्ट ऋषिराज चक्रवर्ती आदि हैं। यह म्यूरल न केवल संत कबीर की विरासत को जीवंत बनाता है बल्कि सादगी, सामंजस्य और एकता ही जीवन का वास्तविक सत्य का संदेश भी देता है।

हिन्दुस्तान–दि0 25.09.2025

## रामापुरा, हौजकटोरा और रामकुंड में अवैध भवन सील

**वाराणसी।** वीडीए और प्रवर्तन दल ने बुधवार को जोन-3 में अवैध तरीके से बन रहे भवनों को सील किया। जोनल अधिकारी सौरभ प्रजापति और जेई रवींद्र प्रकाश ने बताया किया रामापुरा में आवासीय निर्माण बिना स्वीकृति मानचित्र के किये जाने पर सील किया गया। इसी तरह हौज कटोरा में व्यावसायिक निर्माण बिना भी सील किया गया। वहीं, रामकुंड में 120 वर्गमीटर में हो रहा निर्माण सील किया गया।

उधर वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर शिवपुर वार्ड में अवैध निर्माण पर भवन सील किया। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा और जेई रोहित कुमार ने बताया कि स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण पर नोटिस दिया गया था। काम रोकने की जगह चोरी छिपे एक तल और बनवा दिया गया।

हिन्दुस्तान–दि0 25.09.2025

## सारनाथ में हटाई गईं अवैध दुकानें

**सारनाथ।** सारनाथ के पुरावशेषों के निरीक्षण को यूनेस्को की तकनीकी टीम के भ्रमण के मद्देनजर बुधवार को नगर निगम एवं वीडीए ने वहां अतिक्रमण हटवाए और सफाई कराई। अतिक्रमण एवं गंदगी करने वालों को चालान करने की चेतावनी भी दी।

उल्लेखनीय है कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सारनाथ के पुरावशेषों को शामिल करने के लिए विशेषज्ञ 26 सितंबर को आने वाले हैं। इसके मद्देनजर सारनाथ के जोनल अधिकारी पवन गुप्ता के नेतृत्व में प्रवर्तन दल पहुंचा। उनके साथ वीडीएकर्मी भी थे। उन्होंने चौखंडी स्तूप के पास और संग्रहालय से मुख्य चौराहा तक लगी दुकानें हटवाईं।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.09.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना का किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी । विकास प्राधिकरण द्वारा सुनील कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रभाकर पाण्डेय, योजना सलाहकार, संत्तार अली अंसारी, राजस्व निरीक्षक के साथ ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित ग्राम-करनाडाडी, ग्राम-सरायमोहन, परगना-कसरवार सरकारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न निर्देश दिये गये:-ट्रांसपोर्ट नगर में एन.एच.-2 एवं रेलवे लाईन के मध्य स्थित ट्रांसपोर्ट नगर योजना के ग्राम-करनाडाडी स्थित भू-भाग पर सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में तहसीलदार, वाराणसी विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि यह परीक्षण कर ले कि आर0ओ0बी0 प्रारम्भ होने से पूर्व सर्विस लेन से योजना में प्रवेश हेतु किन आराजियों को लिये जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार रेलवे लाईन के बगल से योजना में सम्पर्कित होने वाले आराजियों को चिन्हित कर उन आराजियों को प्राप्त करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की



जाय, जिससे उक्त खण्ड को विकसित करते हुए सर्कुलेशन प्लान तैयार किया जा सके।आर्किटेक्ट श्री गोविन्द श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया कि उक्त स्थल को आराजीवार सुपरइंपोज करते हुए एक सर्कुलेशन प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया जाय। पंचायत भवन बैरवन को लहरतारा-मोहनसराय 6-लेन मार्ग पर सम्पर्कित किये जाने हेतु ग्राम प्रधान, बैरवन के साथ तहसीलदार, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता पर अप्रोच मार्ग हेतु चिन्हांकित भूमि को अलग कर दिया जाय, जिससे पंचायत भवन हेतु सुगम मार्ग उपलब्ध हो जाय।ग्राम-बैरवन स्थित ग्रुप हाउसिंग हेतु आवंटित ई-5 एवं ई-7 की प्री-कास्ट बाउण्ड्री के निर्माण की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राथमिकता पर उक्त कार्य पूर्ण कराने के निर्देश संजय तिवारी, अवर अभियन्ता, वाराणसी विकास प्राधिकरण को दिये गये।लहरतारा-मोहनसराय 6-लेन मार्ग पर स्थित प्राधिकरण की अध्याप्त आराजी नं0 23, 24 एवं 25 ग्राम-करनाडाडी को चिन्हित कर प्री-कास्ट बाउण्ड्री के निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के साथ ही 6-लेन मार्ग एवं प्राधिकरण भूमि के बीच में निर्मित भवन को चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये गये।रेलवे अण्डर पास के द्वारा सम्पर्कित करने हेतु परीक्षण आख्या प्रस्तुत करने हेतु श्री गोविन्द श्रीवास्तव, आर्किटेक्ट को निर्देशित किया गया।रेलवे आर0ओ0बी0 के साथ सर्विस लेन बनाये जाने के सम्बन्ध में एन0एच विभाग से जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रभारी अधिकारी (अवाप्ति) को निर्देशित किया गया।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.09.2025

# जोन-01 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही

वार्ड-शिवपुर, मौजा-भरलाई, क्षेत्रान्तर्गत सुशील सिंह द्वारा जी+2 तल स्वीकृत मानचित्र के सेटबैक में



विचलन करते हुए निर्माण कार्य किये जाने पर पूर्व में शमन मानचित्र दाखिल अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए पक्ष को सुनवाई का अवसर दिया गया था। परन्तु पक्ष द्वारा निर्माण कार्य जारी रखते हुए जी+4 तलों का कार्य करा लिया गया जिसे आज दिनांक 24/09/2025 को सील किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थि[illegible] रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अ[illegible] जन मानस से अपील की गय[illegible] है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी

## जनवार्ता–दि0 25.09.2025

# काशी में कबीर मठ म्यूरल ने खींचा पर्यटकों का ध्यान

**वाराणसी (जनवार्ता)।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने कबीर चौरा स्थित कबीर मठ में कबीर मठ म्यूरल तैयार कराया है। संत कबीर की वाणी और जीवन दर्शन पर आधारित यह भित्तिचित्र अब शहर का नया सेल्फी-पॉइंट बन गया है।

पुरस्कार विजेता पब्लिक आर्ट क्यूरेटर अभिषेक कुमार सिंह की परिकल्पना पर सुप्रसिद्ध स्ट्रीट आर्टिस्ट ऋषिराज बोंग यूएफओ चक्रवर्ती ने इसे सहायक कलाकारों के साथ तैयार किया। इसमें कबीर की साधना, भजन, उपदेश और सादगीपूर्ण जीवन को उनके दोहों सहित उकेरा गया है।

वीडीए का कहना है कि इस पहल से सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के साथ-साथ वाराणसी को इंडियाज लिविंग कैनवासे के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में नया कदम उठाया गया है।



## तरूणमित्र न्यूज–दि0 25.09.2025

# वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश ने संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक बुधवार को संपन्न हुई।इस दौरान सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं संपत्ति संबंधी विषयों पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

जिनमें जिन आवंटियों द्वारा पूर्ण धनराशि जमा कर दी गई है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराई जाए तथा जिन आवंटियों द्वारा अभी तक धनराशि जमा नहीं की गई है, उन्हें नोटिस जारी करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।जिन आवंटियों की किस्त/धनराशि जमा करने की तिथि निकट है, उन्हें पूर्व सूचना देते हुए नोटिस जारी किया जाए, ताकि वे समयबद्ध रूप से भुगतान कर सकें। वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि जो किरायेदार लंबे समय से किराया नहीं जमा कर रहे हैं, जिनकी दुकानें बंद हैं अथवा जो सिकमी किरायेदार हैं, ऐसे मामलों में संबंधित दुकानों को खाली कराकर प्राधिकरण द्वारा उनका पुन: अधिग्रहण किया जाए एवं नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। जिन आवंटियों द्वारा निर्धारित किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र नोटिस जारी करते हुए भुगतान के लिए सूचित किया जाए। अन्यथा स्थिति में उनके आवंटन को निरस्त कर दिया जाएगा।जिन दुकानों का लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है तथा बार-बार नोटिस देने के बाद भी धनराशि जमा नहीं की गई, उन्हें तत्काल सील करने के निर्देश दिए गए।बैठक में संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे एवं पटल सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए

## न्यायाधीश–दि0 25.09.2025

### संत कबीर की अमर वाणी, सांस्कृतिक धरोहर और बनारस का नया सेल्फी-पॉइंट

वाराणसी ।वाविप्रा द्वारा कबीर मठ, कबीर चौरा में एक अनूठी सार्वजनिक कला कृति ङ'कबीर मठ म्यूरल' का कार्य कराया गया है। यह कार्य कबीर मठ प्रशासन के अनुरोध एवं सहमति पर प्रारम्भ किया गया त यह म्यूरल ङअभिषेक कुमार सिंह (संस्थापक, Curves & Colors) – पुरस्कार विजेता पब्लिक आर्ट क्यूरेटरङ द्वारा बनाया गया है उन्होंने इस परियोजना को ङ'दीवारें रंगने' के बजाय 'संवाद करने'ङ की तरह गढ़ा है। यह संत कबीर की शाश्वत शिक्षाओं और उनके जीवन दर्शन को अभिव्यक्त करता है। इस कलाकृति में संत कबीर के जीवन के विभिनन आयाम - उनका ध्यान, भजन, निर्भीक उपदेश और खादी कातने की सादगीपूर्ण दिनचर्या - सभी को उनके हस्तलिखित दोहों के साथ दीवार पर उकेरा गया है।ङ भारतीय मिनिएचर पेंटिंग से प्रेरित इस म्यूरल में मृदुल एवं प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया गया है, जो संत कबीर के सरल, गहन और सार्वभौमिक संदेश को प्रकट करता है। इसमें कमल, पक्षी और वृक्ष जैसे प्रतीकों के माध्यम से दर्शकों को आत्मचिंतन और आध्यात्मिक गहराई की ओर आमंत्रित किया गया है।

## न्यायाधीश–दि0 25.09.2025

### अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक आयोजित

वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देश के क्रम में 24.सितम्बर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के प्राधिकरण कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 15.09.2025 से दिनांक 21.09.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 18,56,846.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-4,01,31,418.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 15.09.2025 से दिनांक 21.09.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 7,41,211.00 जमा कराया गया है।

## परफेक्ट मिशन–दि0 25.09.2025

### वीडीए सचिव ने संपत्ति अनुभाग की बैठक कर दिए निर्देश

**जिन आवंटियों द्वारा पूर्ण धनराशि जमा कर दी गई है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराई जाए : डॉ वेदप्रकाश मिश्रा**

परफेक्ट मिशन

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपत्ति अनुभाग की बुधवार को समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सचिव ने विभिन्न योजनाओं एवं संपत्ति संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिसमें जिन आवंटियों द्वारा पूर्ण धनराशि जमा कर दी गई है, उनकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराई जाए तथा जिन आवंटियों द्वारा अभी तक धनराशि जमा नहीं की गई है, उन्हें नोटिस जारी करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। जिन आवंटियों की किस्त/धनराशि जमा करने की तिथि निकट है, उन्हें पूर्व सूचना देते हुए नोटिस जारी किया जाए, ताकि वे समयबद्ध रूप से भुगतान कर सकें।



जो किरायेदार लंबे समय से किराया नहीं जमा कर रहे हैं, जिनकी दुकानें बंद हैं अथवा जो सिकमी किरायेदार हैं, ऐसे मामलों में संबंधित दुकानों को खाली कराकर प्राधिकरण द्वारा उनका पुन: अधिग्रहण किया जाए एवं नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। जिन आवंटियों द्वारा निर्धारित किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र नोटिस जारी करते हुए भुगतान के लिए सूचित किया जाए। अन्यथा स्थिति में उनके आवंटन को निरस्त कर दिया जाएगा। जिन दुकानों का लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है तथा बार-बार नोटिस देने के बाद भी धनराशि जमा नहीं की गई, उन्हें तत्काल सील करने के निर्देश दिए गए।उक्त बैठक में संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे एवं पटल सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### वीडीए जोन 01 की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण को किया सील

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में जोन-01 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गयी। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि वार्ड-शिवपुर, मौजा-भरलाई, क्षेत्रान्तर्गत सुशील सिंह द्वारा जी+2 तल स्वीकृत मानचित्र के सेटबैक में विचलन करते हुए निर्माण कार्य किये जाने पर पूर्व में शमन मानचित्र दाखिल किया गया, उसके उपरान्त जी+3 तलों का निर्माण कार्य कराये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए पक्ष को सुनवाई का अवसर दिया गया था। परन्तु पक्ष द्वारा निर्माण कार्य जारी रखते हुए जी+4 तलों का कार्य करा लिया गया जिसे बुधवार को सील कर दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।